मांतगी विजया जया भगवती देवी शिवा शाम्भवी।
शक्ति शंकर बल्लभा त्रिनयना बाधवादनी भैरवी।
हंकारी त्रिपुरा पुरा गुणमयी माता कुमारेश्वरी।
या माया मधु केटभ प्रमथिनी या महिषान्मुलिनी।
या घुम्राक्षेण चंडमुण्ड मथिनी या रक्त बीजासनी।
शक्ति शुम्भ निशुम्भ देत्यदलिनी या सिद्धलक्ष्मी परा।
या दुर्गा नव कोटि शक्ति सहितां मां मातु विश्वेश्वरी।
काया हंस बिना नदी जल बिना दाता बिना याचका।
भ्रता स्नेह बिना ऋतु फल बिना धेनुश्च्दुग्घम् बिना।
नारी पुत्र बिना नरौ धन बिना वेदो बिना ब्राह्मण।
एकोपिअन्यम बिना दीपम् बिना मान्दिरम्।
ब्रह्मा मुरारस्त्रिपुरान्तकारी भानुःशशि भूमि सुतो बुद्धश्च।
गुरुश्च शुक्र शनि राहु केतवः सर्वे ग्रहा शान्ति करा भवन्तु।
त्वमेव माताश्च पिता त्वमेव बंधुश्च सखा त्वमेव।
त्वमेव विद्या द्रविणं त्वमेव त्वमेव सर्वं ममः देवदेवः।।

प्रार्थना दिल से,
भाव से विचार से
समर्पण से होनी चाहिए।

।। श्री अम्बेजी की आरती।।

दोहा - दुर्गा दुर्गति दूर कर, मंगल कर सब काज।
मन मन्दिर उज्जवल करो, मात भवानी आज।।

जय अम्बे गौरी मैया जय श्यामागौरी।
तुमको निशिदिन ध्यावत हरि ब्रह्मा शिवजी।। जय अम्बे गौरी।।
मांग सिंदूर बिराजत, टीको मृग मद को। मैया टीको....
उज्जवल से दोउ नैना, चन्द्र वदन नीको।। जय अम्बे....।।
कनक समान कलेवर, रक्ताम्बर राजै । मैया रक्ताम्बर....
रक्त - पुष्प गल माला, कण्ठन पर साजै।। जय अम्बे....।।
केहरि वाहन राजत, खड्ग खप्र धारी।। मैया खड्ग....
सुर-नर-मुनि-जन सेवत, तिनके दुख हारी।। जय अम्बे....।।
कानन कुण्डल शोभित, नासाग्रे मोती। मैया नासाग्रे....
कोटिक चन्द्र दिवाकर, सम राजत ज्योती ।। जय अम्बे....।।
शुम्भ निशुम्भ विडारे, महिषासुर घाती । मैया महिषा....
धुम्र विलोचन नैना, निशिदिन मदमाती ।। जय अम्बे....।।
चण्ड मुण्ड संहारे, शोनितबीज हरे। मैया शोणित....
मधु कैटभ दोउ मारे, सुर भयहीन करे ।। जय अम्बे....।।
ब्रह्माणी, रूद्राणी, तुम कमला रानी। मैया तुम....
आगम-निगम बखानी, तुम शिव पटरानी ।। जय अम्बे....।।
चौसठ योगिनि गावत, नृत्य करत भैरूँ। मैया नृत्य....
बाजत ताल मृदंगा और बाजत डमरू ।। जय अम्बे....।।
तुम ही जग की माता, तुम ही हो भरता। मैया तुमही....
भक्तन के दुख हरता सुख सम्पति करता ।। जय अम्बे....।।
भुजा चार अति शोभित, वर-मुद्रा धारी। मैया वर....
मनवांछित फल पावत, सेवत नर-नारी ।। जय अम्बे....।।
कंचन थाल विराजत, अगर कपूर बाती। मैया अगर....
(श्री) मालकेतु में राजत कोटि रतन ज्योती ।। जय अम्बे....।।
(श्री) अम्बेजी की आरती जो कोई नर गावै । मैया जो....
कहत शिवानन्द स्वामी, सुख सम्पत्ति पावै ।। जय अम्बे....।।
जय अम्बे गौरी मैया जय मंगलमूर्ति मैया जय आनन्द करनी।
तुमको निशिदिन ध्यावत हरि ब्रह्मा शिवजी ।। जय अम्बे गौरी।।

राजस्थानी त्यौहार

चैत्र शुक्ल एकम	-	नया संवत्	- हिन्दी का नव वर्ष प्रारम्भ होता है। इस दिन कलस एवम माताजी की स्थापना होती है और माताजी की नौ दिन तक पूजा की जाती है।
चैत्र शुक्ल तीज	-	गणगौर	- कुंवारी, लड़कियाँ होली से लेकर सोलह दिन बड़े धुमधाम से गणगौर की पूजा करती हैं और तीज के दिन सभी बहु-बेटियां शंकरपार्वती स्वरुप गणगौर-ईश्वर जी की पूजा करते हैं।
चैत्र शुक्ल नवमी	-	रामनवमी	- रामनवमी को 'रामचन्द्र जी' का दोपहर बारह बजे जन्म हुआ। उस वक्त जन्म-उत्सव मनाते हैं। पुष्टि मार्ग में यह दिन जयन्ति व्रत में आता है।
चैत्र शुक्ल द्वादशी	-	वामन द्वादशौ	- इस दिन भगवान ने वामन रुप धरकर राजा बलि से तीन पग भूमि का दान मंगा था। पुष्टि मार्ग में यह दिन जयन्ति व्रत में आता है।
चैत्र शुक्ल पुर्णिमा	-	हनुमान जयन्ती	- रामभक्त हनुमान का जन्मोत्सव मनाते हैं।
वैशाख शुक्ल दूज	-	आखा बीज	- यह दिन राजस्थान के बीकानेर शहर का स्थापना दिवस है। इस दिन नये कलश की पूजा की जाती है और मूँग, ज्वार, बाजरा का खिचड़ा बनता है।
वैशाख शुक्ल तीज	-	आखा तीज	- बीकानेर शहर की स्थापना को लेकर इस दिन भी लोग खुशियाँ मनाते है और पतंग उड़ाते हैं। इस दिन भी मूँग, ज्वार, बाजरा का खिचड़ा बनाते हैं।
वैशाख कृष्ण चौदस	-	नृसिंह चतुर्दशी	- भगवान विष्णु ने नरसिंह रुप में अवतार लेकर हिरण्याकश्यप का उद्धार किया। पुष्टि मार्ग में यह दिन जयन्ति व्रत में आता है।
जेठ शुक्ल नवमी	-	महेश जयन्ती	- यह दिन माहेश्वरी जाति का उद्‌भव दिवस है। इस दिन सभी भगवान महेश की पूजा करके धुमधाम से मनाते हैं।
जेठ शुक्ल ग्यारस	-	निर्जला एकादशी	- पूरा दिन निर्जल उपवास करते हैं।
आषाढ़ी अमावस्या	-	वट सावित्री व्रत	- सावित्री सत्यवान को यमद्वार से वापस लाई थी। सुहागिनें पति की दीर्घायु के लिए यह व्रत रखती हैं।
श्रावण शुक्ल तीज	-	छोटी तीज	- श्रावणी तीज का हमारे समाज में बड़ा महत्व है। लड़कियाँ पिहर में आकर धुमधाम से त्यौहार मानाती हैं, सावन झूला झूलती हैं श्रावण के गीत गाती हैं, सिधांरा होता है।
श्रावण शुक्ल पंचमी	-	नागपंचमी	- नाग देवता की पूजा की जाती हैं।
श्रावण शुक्ल पूर्णिमा	-	राखी पूर्णिमा	- बहन भाई को राखी बांधकर मंगल कामना करती हैं।
भादो कृष्ण तीज	-	बड़ी तीज	- बड़ी तीज को सातु तीज या कजली तीज भी कहते हैं। सारे दिन उपवास रखकर शाम को नीम या बोटी की डाली की पूजा करते हैं और चन्द्रमा का दर्शन करके व्रत की पारणा करते है।
भादो कृष्ण चतुर्थी	-	बड़ी चौथ	- चार चौथ में इस चौथ को भी उपवास रखते हैं।
भादो कृष्ण छट	-	उबछट	- स्त्रियां पूरा दिन उपवास रखकर शाम से चंद्र दर्शन तक खड़ी रहती है।
भादो कृष्ण अष्टमी	-	जन्माष्टमी	- भगवान श्री कृष्ण का रात बारह बजे जन्म-उत्सव मनाते हैं। पुष्टि मार्ग में यह दिन जयन्ति व्रत में आता है।
भादो कृष्ण बारस	-	बछ बारस	- गाय-बछड़े की पूजा करते हैं। इस दिन बाजरा ही खाते है।

भादो शुक्ल चौथ	-	गणेश चतुर्थी	- गणेश मूर्ती की स्थापना करके दस दिन तक गणेश उत्सव मनाते हैं।
भादो शुक्ल पंचमी	-	ऋषि पंचमी	- माहेश्वरी समाज में इस दिन बहन-भाई को राखी बांधती हैं।
आसोज कृष्ण एकम	-	श्राद्ध	- आसोज लगते एकम से अमावसा तक श्राद्ध पक्ष रहता हैं। कोई भी शुभ काम नहीं किया जाता हैं।
आसोज कृष्ण एकम	-	नवरात्र आरम्भ	- देवी की स्थापना करते हैं तथा नौ दिन तक पूजा की जाती हैं।
आसोज शुक्ल दशमी	-	दशहरा	- श्री रामजी ने रावण पर विजय पायी थी। अत दशहरा मनाते हैं।
आसोज पूर्णिमा	-	शरद पूर्णिमा	- शरद पुर्णिमा की रात्री को चांद की रोशनी में खीर का भोग लगाया जाता है।
कार्तिक कृष्ण चतुर्थी	-	करवा चौथ	- सुहागिनें पति की लम्बी उम्र के लिये व्रत रखती है और रात को चन्द्र दर्शन कर पति के हाथों से व्रत खोलती है।
कार्तिक कृष्ण तेरस	-	धन तेरस	- इस दिन नये वस्त्र धारण करते हैं। शाम को नये दीपक जलाये जाते हैं।
कार्तिक कृष्ण चौदस	-	नरक चतुर्दशी	- इसे छोटी दीवाली भी कहतें हैं। शाम को दीपक जलाकर पटाखे छोड़ते हैं।
कार्तिक अमाचस्या	-	दीपावली	- लक्ष्मी, गणेश जी की पूजा की जाती हैं। शाम को दीप जलाकर पटाखे छोड़कर, उत्सव मनाते हैं। नये नये कपड़े पहनते हैं, विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाते हैं।
कार्तिक शुक्ल एकम	-	गोवर्धन पूजा	- इस दिन भगवान ने अगूंली पर गोवर्धन पर्वत धारण किया इसलिये कृष्ण स्वरुप गोवर्धन जी की पूजा करते हैं।
कार्तिक शुक्ल दूज	-	भाई दूज	- बहन भाई को तिलक निकाल कर मंगल कामना करती है।
कार्तिक शुक्ल नवमी	-	आंवला नवमी	- आंवले के पेड़ की पूजा करते है तथा आंवला दान करते हैं।
कार्तिक शुक्ल एकादशी	-	तुलसी विवाह	- तुलसी जी की शालीग्राम से शादी कराते हैं इस दिन से विवाह कार्य शुरु होता है।
माघ कृष्ण चतुर्थी	-	तिलकुट चौथ	- पुत्र तथा पति की मंगल कामना के लिए चार चौथ में यह चौथ मुख्य हैं।
14 या 15 जनवरी	-	मकर संक्रांन्ति	- यह त्यौहार 14 या 15 जनवरी को ही आता है इस दिन तिल खाने तथा तिल दान करने का महत्व है।
माघ शुक्ल पंचमी	-	वसन्त पंचमी	- विद्या की देवी सरस्वती जी की पूजा की जाती हैं। सभी मां से विद्या का वरदान मांगते है।
फागुण कृष्ण तेरस	-	शिवरात्री	- पति की मंगल कामना के लिये शंकर-पार्वती की पूजा की जाती हैं।
फागुण शुक्ल पूर्णिमा	-	होली - दहन	- इसदिन भगवान ने होलिका के अग्निजाल से भक्त प्रहल्लाद की रक्षा की इसलिये होलिका दहन धुमधाम से किया जाता हैं।
चैत्र कृष्ण एकम	-	होली	- खुशी से एक - दूसरे के ऊपर रंग डालकर वसंतोत्सव मनाया जाता हैं।
चैत्र कृष्ण अष्टमी	-	शीतला अष्टमी	- शीतला देवी की पूजा की जाती है तथा ठण्डा भोजन किया जाता है।
चैत्र कृष्ण सप्तमी होली के बाद का रविवार	-	सूरज रोट	- सूरज भगवान की पूजा की जाती हैं। भाई की मंगल कामना के लिए बहन ब्रत रखती हैं।

- शशि कोठारी

महाप्रभु जी की 84 बैठकों का विवरण

बैठक 1, गोविन्द घाट - गोकुल (उ.प्र.)

श्री यमुनाजी के तट पर छोंकर वृक्ष को नीचे प्रभु विराजित हैं। यहाँ पर श्रावण सुदी 11 की अर्ध रात्रि को प्रभु श्री गोवर्धनधर ने महाप्रभुजी की दैवी जीवों के उद्धारार्थ ब्रह्म संबंध दीक्षा देने की आज्ञा की है। आप श्री ने श्रीनाथजी को पवित्रा धराकर मिश्री भोग धराया है। सर्व प्रथम ब्रह्म संबंध प. भ. श्री दामोदरदासजी हरसानी को हुआ है।

बैठक 2, बड़ी बैठक - श्रीमद् गोकुल (उ.प्र.)

यह श्री महाप्रभुजी के नित्य वचनामृत करने का स्थल है। यहीं पर वृन्दावन के महंतों ने एक बैरागी को आचार्यश्री की परीक्षा लेने के लिये भेजा था। उसके बटुए में शालिग्राम थे। वो बटुआ स्नान करने के बाद उसको दिखाई नहीं दिया। तब महाप्रभुजी ने अपने सामर्थ्य से छोंकर के पेड़ पर अनेक बटुए दिखाकर कोई भी एक बटुआ लेने के लिये कहा था।

बैठक 3, श्रीमद् गोकुल, द्वारकाधीश जी के शैया मंदिर में

यहीं पर जमीन के अंदर द्वापर युग से एक योगाश्वर बैठकर तपस्या कर रहे थे। आपने निकलकर श्री महाप्रभुजी को साष्टांग दण्डवत प्रणाम किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। पीछे श्री द्वारकानाथजी का मंदिर बना तब योगेश्वर की कुटी जमीन में सोलह हाथ नीचे प्रवेश करी।

बैठक 4, बंशीवट, श्री वृन्दावन धाम, जि. मथुरा (उ.प्र.)

श्री वृन्दावन में बंसीवट के पास श्री महाप्रभुजी की बैठक है। यहाँ आपने प्रभुदास जलोटा क्षत्री वैष्णव को वृक्ष के पत्ते-पत्ते में भगवद् दर्शन कराकर वृन्दावन का माहात्म्य दिखाया। कृष्ण चैतन्य के सेवक गोपालदास गोडिया को श्री महाप्रभुजी की कृपा से शालीग्राम में राधा रमण के दर्शन कराये।

बैठक 5, विश्राम घाट, मथुरा (उ.प्र.)

यह बैठक श्री मथुरा के विश्राम घाट पर है। यहां पर सिकन्दर लोदी के हाकिम द्वारा एक यंत्र लगवाया गया था जिसके नीचे से हिन्दू निकलता था तो उसकी चोटी कटकर दाड़ी हो जाती थी। महाप्रभुजी ने उसके जवाब में दिल्ली के दरवाजे पर एक यंत्र लगवाया जिसके प्रभाव से उसके नीचे से निकलने वाले मुसलमान की दाड़ी कटकर चोटी बन जाती थी। बादशाह के आदेश से हाकिम द्वारा यंत्र हटवा लिया गया। इस घटना से हिन्दू जनता में महाप्रभुजी की अमिट छाप अंकित हो गई। संवत् 1544 भादव वदी 12 शरद ऋतु में विश्राम घाट पर स्नान करके प्रथम ब्रजयात्रा का प्रारंभ किया।

बैठक 6, मधुवन, महोली, जिला मथुरा (उ.प्र.)

यहां आपने माधव कुण्ड कृष्ण कुण्ड के ऊपर कदंब वृक्ष के नीचे श्री भागवत् सप्ताह परायण किया, जिसे सुनने के लिये मधुवन के श्री मधुवनिया ठाकुर स्वयं नित्य पधारते थे। आपके साथ ब्रज यात्रा में वासुदेव छकड़ा, यादवेन्द्रदास कुंभार, गोविन्द दुबे, साचोरा ब्राह्मण, माधव भट्ट कश्मीरी, सूरदासजी, परमानंदजी इस प्रकार छै: वैष्णव साथ थे।

बैठक 7, कुमुदवन, पोस्ट उस पार, जि. मथुरा (उ.प्र.) (महोली से 9 कि.मी.)

कमोदकुण्ड के ऊपर श्याम तमाल के नीचे आप श्री ने तीन दिन तक भागवत् पारायण किया। वैष्णवों के आग्रह पर आपने गीताजी का यह वाक्य कहा - ''दिव्यं ददामि चक्षु: पश्य में योगमैश्वरम'' जिससे वैष्णवों दिव्य चक्षु द्वारा कमोद, कमोदिनी सहित जल स्नान की लीला का महल आदि के दर्शन हुए। यहीं पर कृष्णदास मेघन के पूछने पर सामवेद के आधार पर ब्रज माहात्म्य की कथा कही थीं और कमोदवन नाम क्यों पड़ा यह समझाया।

बैठक 8, बहुलावन, पोस्ट बाटी गांव, जिला मथुरा (उ.प्र.)

श्री कृष्ण कुन्ड के उत्तर में वट वृक्ष के नीचे श्री महाप्रभुजी की बैठक है। यहां आपश्री ने 3 दिनों का श्री भागवत् पारायण किया तथा गौ सेवा का महत्त्व प्रतिपादित किया। महाप्रभुजी की गरिमा से प्रभावित होकर मुसलमान हाकिम ने बहुला गाय के पूजन पर लगी बंदिश हटा ली थी। उसने सेवक बनाने की प्रार्थना की। महाप्रभुजी ने अगले जन्म में अंगीकार करने का आश्वासन दिया। अगले जन्म में वह मेही ढीमर हुआ, जिसे गुंसाईजी ने अंगीकार किया।

बैठक 9, राधाकृण्ड, जि. मथुरा (उ.प्र.)

श्री राधाकुण्ड पर छोंकर के वृक्ष के नीचे श्री महाप्रभुजी की बैठक है। यहां आप एक माह तक विराजे। आपकी बैठक के पास श्यामतमाल के नीचे श्री गुंसाईजी की भी बैठक है। श्री महाप्रभुजी को श्रीनाथ जी और श्री स्वामीजी ने बॉहजोटी किये श्री गिरिराज जी पर पधारते हुए दर्शन दिये। आप श्रीनाथजी के पास पधारे और तीन दिन बाद लौटे। श्री महाप्रभुजी राधाकुण्ड, कृष्णकुंड और आठ दिशा में जो आठों सखियों के कुण्ड हैं उनमें स्नान करके कुसुमोखर पधारे । यहां आपका उद्धवजी से मिलाप हुआ और उन्हें भ्रमरगीत के एक श्लोक का अर्थ लगातार बारह पहर तक समझाया।

बैठक 10 - श्री मानसी गंगा की बैठक, बल्लभघाट, चकलेश्वर के पास, पोस्ट गोवर्धन, जिला मथुरा (उ.प्र.)

मानसी गंगा के ऊपर आपकी बैठक है। वहाँ आपने श्री भागवत् सप्ताह पारायण किया। यहां कृष्णचैतन्य ने यह नियम ले रखा था कि जब तक सवा लाख भगवन्नाम पूरे नहीं हों किसी से बात नहीं करना-यह नियम छह माह से चल रहा था। एक दिन श्री महाप्रभुजी पधारे तब आपने तुरंत उठकर साष्टांग दंडवत की और अपना नियम तोड़कर आपसे बातचीत की। श्री कृष्ण चैतन्य का मनोरथ सिद्ध किया। उन्हें और साथ के सब वैष्णवों को दिव्यचक्षु द्वारा मानसी गंगा का आधिदैविक दुग्धमय स्वरुप के दर्शन करवाये।

श्री चक्रेश्वेर महादेवजी ने अपने पुजारी से कहा हम श्री महाप्रभुजी की भागवत कथा सुनने को जा रहा है, हम लौटें तब तुम पूजा करना। इस प्रकार चक्रेश्वर महादेवजी नित्य कथा सुनने को आते थे।

बैठक 11, श्री परासोली की बैठक, चन्द्र सरोवर, पोस्ट गोवर्धन, जिला मथुरा (उ.प्र.)

चन्द्रसरोवर से कुछ ही दूरी पर छोंकर के नीचे आपकी बैठक है। यहाँ आपने सात दिन तक भागवत् पारायण किया। चन्द्र कृप में स्नान किया और सब वैष्णवों को रासलीला के दर्शन करवाए। आपने एक वैष्णव के पूछने पर बतलाया कि जो वैष्णव गिरिराजजी की एक दिन में तीन परिक्रमा करे, बीच में कहीं बैठे नहीं तब श्री गिरिराज जी निज स्परुप का साक्षात दर्शन देते हैं। आपने गिरिराजजी के पांच प्रकार के स्वरुप बतलाये - (1) भुजंग स्वरुप (2) ग्वाल स्वरुप (3) सिंह स्वरुप (4) गाय स्वरुप (5) स्थूल स्वरुप

बैठक 12, श्री आन्योर की बैठक, सदु पांडे का घर, पोस्ट - आन्योर, जिला मथुरा (उ. प्र.)

महाप्रभुजी झारखंड से ब्रज में श्री नाथजी की सेवा की व्यवस्था करने के लिये पधारे थे, तब सदु पांडे के घर पर ही ठहरे थे। आन्योर में सदु पांडे के घर में आपश्री की बैठक है। यहाँ श्रीनाथजी और श्री महाप्रभुजी का मिलाप हुआ। श्री आचार्य जी छोटा सा मंदिर बनवाकर श्रीनाथजी को पास बैठाये हैं। श्री महाप्रभुजी ने यहां तीन दिन तक भागवत् पारायण किया। महाप्रभुजी एवं श्रीनाथजी के मिलन की घटना पुष्टिमार्ग की एक महत्त्वपूर्ण एवं अविस्मरणीय घटना है।

बैठक 13, श्री गोविन्द कुंड की बैठक, पोस्ट आन्योर, जिला मथुरा (उ.प्र.)

यहां श्री महाप्रभुजी ने तीन दिन तक भागवत् पारायण किया। यहाँ श्री महाप्रभुजी ने कृष्णदास मेघन को गिरिराज की कंदरा में

व्यापी बैकुंठ तथा लीला सामग्री के दर्शन करवाये। कन्दरा में ही मथुरा कुंड पर माधुरि के वृक्ष पर सारस्वतकल्प का सुआ लगातार अष्टाक्षर मंत्र का जाप कर रहा था। श्री कृष्णदास मेघन के द्वारा अष्टाक्षर का जाप सुनकर उसकी मुक्ति हुई। श्री स्वामिनी का उसे वरदान था कि जिस दिन श्री आचार्य को सेवक आकर श्री कृष्ण स्मरण करेंगें उस दिन तेरो शुक शरीर छूटकर लीला में सहचारी होगा। चैतन्य महाप्रभु ने आचार्यश्री को 'कृष्णप्रेमामृत' ग्रंथ इस स्थान पर भेंद किया था।

बैठक 14, श्री सुंदरशिला की बैठक, गिरिराज, जी के सामने पोस्ट जतीपुरा, जिला मथुरा (उ.प्र.)

सुंदरशिला के सामने छोंकर के नीचे श्री आचार्यजी की बैठक है। यहां अपने श्री गोवर्धन पूजा करी, दीपमालिका करी और सवा सेर भात का अन्नकूट उत्सव किया। एक समय श्री दामोदरदास जी की गोद में सो रहे थे तभी श्रीनाथजी पधारे। तब दामोदरदास जी ने श्रीनाथजी को दूर ही खड़े रहने को कहा। श्री नाथजी दूर ही खड़े रहे लेकिन आपके नुपुर सुनकर श्री महाप्रभुजी जाग गये और श्रीनाथजी को अपनी गोद में बैठाकर श्री कपोल परसि के मुख चुंबन किए।

बैठक 15 श्री गिरिराज जी की बैठक, पोस्ट जतीपुरा, जिला मथुरा (उ.प्र.) (अप्रकट)

श्री गिरिराज के ऊपर श्रीनाथजी के मंदिर में एक चौतरी पर श्री महाप्रभुजी की बैठक है। यहाँ आप सेवा के अवकाश में बिराजते थे। एक समय आप श्रीनाथजी का श्रृंगार करके उस चौतरी पर विराज रहे थे। सामग्री तैयार नहीं थी अत: गोपी वल्लभ में देर लगी। उसी समय श्री स्वामिनी जी थाल लेकर पधारी। श्री आचार्यजी ने दामोदरदास से कहा श्रृंगार बाद गोपीवल्लभ में देर नहीं करना चाहिये। आचार्यजी ने यहां दो बार भागवत् पारायण किया और एक बार श्री गिरिराज जी की परिक्रमा की।

बैठक 16, श्री कामवन की बैठक, श्री कुण्ड, पो. कामा, जिला भरतपुर (राज.)

कामवन में सुरभि कुंड (श्रीकुंड) के ऊपर छोकर वृक्ष के नीचे श्री आचार्यजी की बैठक है। यहां आपने चोरासी कुण्ड में स्नान करके श्री भागवत् सप्ताह किया। सुरभि कुंड पर एक ब्रह्मपिशाच रात्रि में रहने वालों का भक्षण कर जाता। आप श्री जब वहां बिराज रहे थे तो अर्धरात्री को वह ब्रह्मपिशाच निकला। उसी समय एक वैष्णव धोती धोकर अपरस सुखा रहा था। आपने वही जल ब्रह्मपिशाच पर छिरका जिससे वह मुक्त हो, दिव्य शरीर धारण कर बैकुंठ को गया। इस प्रकार आपकी कृपा से सुरभि कुंड पर निर्भयता हुई।

बैठक 17, श्री गह्वरवन की बैठक जी, राधारानी के मंदिर के आगे, मोर कुटी के नीचे, पो. बरसाना, जिला मथुरा (उ.प्र.)

गह्वरवन में कुंड के ऊपर आप श्री की बैठक है। आपने यहां सात दिन विराजकर श्रीभागवत् पारायण किया। एक दिन गह्वरवन में एक बड़ा अजगर दिखाई दिया। उसको हजारों चींटे काट रहे थे। आपने बतलाया कि पूर्व जन्म में अजगर वृन्दावन का महंत था। उसने अपने बहुत शिष्य बनाये और बहुत द्रव्य इकट्ठा किया लेकिन सब विषय भोग में लगाया। भगवत् सेवा या भगवत् नाम में कुछ न लगाया अत: उद्धार न होकर महन्त को अजगर की योनि और जितने सेवक किये उन्हें चींटे की योनि मिली। हमें वृथा अपनो सेवक बनाये। श्री आचार्यजी ने कृपा कर अपने अंगुष्ठ को चरणोदक छिड़कवाकर उसका उद्धार किया।

बैठक 18, श्री संकेतवन की बैठक, बगीचे में, कृष्ण कुण्ड, पो. बरसाना, जिला मथुरा (उ.प्र.)

यह बैठक संकेत वन के समीप कृष्णकुंड के ऊपर छोकर के नीचे है। यहां आप श्री ने सात दिन का भागवत् पारायण किया। सात दिन तक आपकी भागवत में एक सोलह वर्षीय बहुत सुन्दर स्त्री अनेक आभूषण पहिले रत्न जटित दांड़ी को चमर लेके श्री महाप्रभुजी को चमर करती। जब कथा आरंभ होती हो आती और कथा समाप्त होते ही अंर्तध्यान हो जाती। तब वैष्णवों के पूछने पर श्री महाप्रभुजी ने बतलाया कि संकेत देवी को हमारे दर्शन की तथा सेवा की बहुत आरती थी से उन्हें यह प्राप्त हुई।

बैठक 19, श्री नंदगांव की बैठक, मानसरोवर, सड़क के उस पार, पोस्ट नंदगांव, जिला मथुरा (उ.प्र.)

नंदगांव में मान सरोवर के ऊपर श्री आचार्यजी की बैठक है। आप यहां छै: माह विराजे और आज्ञा की जो यहां उद्धवजी छै: माह विराजे है अत: हम भी छै: माह रह कर श्रीनंदरायजी को श्रीभागवत् सुनावेंगे। एक समय आचार्य श्री मान सरोवर पर बैठे थे तथी एक मुगल घोड़े को पानी पिलाने लाया। आपकी दृष्टिमात्र से घोड़े को मुक्ति मिली और वह चतुभुर्ज स्वरुप धारणकर विमान में बैठ कर बैकुंठ को गया। यह आश्चर्य देखकर मुगल ने सेवक बनने की विनती की। तब आप श्री ने अगले जन्म में वह नवानगर में एक मोची के घर में पैदा हुआ। जिसका नाम संगजीभाई था और उस पर श्री गुसाई जी की कृपा हुई।

बैठक 20, श्री कोकिलावन की बैठक, पोस्ट बठैन, जिला मथुरा (उ.प्र.)

कोकिलावन में श्री कृष्णकुंड के ऊपर छोकर के नीचे श्रीआचार्यजी की बैठक है। यहां पर निम्बार्क संप्रदाय के चतुरा नागा नामक एक संत ने अपने एक हजार शिष्यों

के साथ श्री महाप्रभुजी के दर्शन किये और महाप्रभुजी से आचार्य होने व अनेक शास्त्रार्थो में विजयी होने की खुशी में खीर का भोग देने का प्रस्ताव किया। आपने कृष्णदास मेघन से पांच सेर दूध मंगवाया और खीर तैयार की। श्री महाप्रभुजी की दृष्टि मात्र से वह खीर अक्षय हो गई। सभी हजार नागाओं ने भर पेट प्रसाद लिया फिर भी पांच सेर खीर ज्यों की त्यों रही। उसने दंडवत कर अपना सेवक बनाने की विनती की। तब आपने कहा कि हमारे नाती श्री गोकुलनाथजी होंगे उनके तुम सेवक होंगे।

बैठक 21, श्री भांडीरवन की बैठक, जिला मथुरा (अप्रकट)

भांडीरवन में श्री महाप्रभुजी ने सात दिन तक श्री भागवत् पारायण किया। यहां एक माध्व संप्रदाय का व्यासतीर्थ स्वामी महंत रहता था। उसने श्री आचार्यजी से कहा कि आप माध्व संप्रदाय की गादी पर आरुढहोईये। आपने उससे कहा कि इसका जवाब हम कल देंगे। आधी रात के समय कोई चार जने मुग्दर ले उसे बहुत मारने लगे लेकिन दिखे कोई नहीं। उन मारने वालों ने कहा कि हम श्री महाप्रभुजी के दूत है अपना भला चाहे तो श्री महाप्रभुजी के पांव पड़। प्रात:काल वह महंत आय के श्री महाप्रभुजी के पांव में पड़ा और बोला मुझे क्षमा करो, मैने आपका स्वरुप नहीं जाना। मुझे अपनी शरण में लो। तब आपने उसे अपनी शरण में लिया।

बैठक 22, श्री मानसरोवर की बैठक, (माहान), पो. भाट, जिला मथुरा (उ.प्र.)

यहां आपने तीन दिन तक भागवत पारायण किया। यहां श्री दामोदरदास हरसानी को अर्धरात्रि के समय श्री महाप्रभुजी ने पुरुषोत्तम क्रांति स्वरुप के दर्शन दिये और देखा कि श्री स्वामिजी को मानमोचन के बाद श्रीमहाप्रभुजी श्रीनाथजी के पास पधराकर ला रहे हैं। तत्पश्चात आप विश्रामघाट पधारे और वहां ब्रज परिक्रमा पूर्ण की। उजागर चौबे को सौ रुपये दक्षिणा के दिये।

बैठक 23, सूकर क्षेत्र की बैठक, सोरम घाट, पोस्ट सौरो, जिला अटौहा (उ.प्र.)

सूकर क्षेत्र (सोरमजी) में श्री आचार्यश्री ने एक सप्ताह तक भागवत् पारायण किया था। यहीं पर श्रीकृष्णदास मेघन के पूर्व गुरु रहते थे। जब उनके दर्शन को कृष्णदास श्री आचार्यजी की आज्ञा के बिना गये तब वा गुरु ने कहा - अरे कृष्णदास? तु मेरा सेवक होकर श्री आचार्यजी का सेवक क्यों हुआ। तब कृष्णदास ने श्री महाप्रभुजी की महिमा का वर्णन किया और महाप्रभुजी को ''पूर्ण पुरुषोत्तम'' बताया। जब गुरु ने प्रमाण मांगा तो कृष्णदास ने धधकती अग्नि हाथ में लेकर यह कहा कि श्री महाप्रभुजी पूर्ण पुरुषोत्तम हो तो मेरा हाथ नहीं जलेगा। काफी समय तक अग्नि हाथ में रखकर श्री महाप्रभुजी का माहात्म्य सिद्ध कर दिखाया।

बैठक 24, श्री चित्रकूट की बैठक, कामतानाथ पर्वत पोस्ट पिली कोठी, (म.प्र.)

चित्रकूट में श्री रामचन्द्रजी ने चातुर्मास किया था अत: श्री महाप्रभुजी ने श्री भागवत का पारायण करके 16 दिन तक रामायण का पाठ किया। चित्रकूट के समीप कान्तानाथ पर्वत है। कान्तानाथ पर्वत ने ब्राह्मण का वेश धारण कर श्री महाप्रभुजी से विनती कि श्री

राम जानकी मेरे शिखर पर विराजते है। उन्होंने आज्ञा की कि तुम जाकर महाप्रभुजी से कहो-हमें भूख लगी है कुछ सामग्री ले के पधारे। आपकी आज्ञा से दामोदरदासजी ने केले की फरी तैयार की जिसे लेकर महाप्रभुजी पर्वत के शिखर पर पधारे। आपने देखा कि एक शिला पर श्रीराम और श्री जानकी विराजे है, श्री लक्ष्मणजी शेष रुप छाया कर रहे है। श्री हनुमानजी हाथ जोड़े खड़े है।

बैठक 25, श्री अयोध्या की बैठक, गुसांई घाट

अयोध्या में सरयू के तीर गुसांई घाट पर श्री महाप्रभुजी की बैठक है। एक समय श्री महाप्रभुजी श्री रामचन्द्रजी की बैठक में मिलने को पधारे और मर्यादा पुरुषोत्तमाय नम: कहा। यह सुनकर हनुमानजी को बहुत संदेह हुआ लेकिन मन में ही रखा। संदेह को समझकर श्री रामचन्द्रजी ने कुछ सामग्री देकर श्री हनुमानजी को श्री आचार्यजी के पास भेजा। श्री हनुमानजी ने देखा श्री महाप्रभुजी श्री रामचन्द्र जी का स्वरुप धर कर बैठे हैं तब हनुमानजी ने दण्डवत की। पुन: संदेह होने पर श्री रामचन्द्रजी ने कहा ये मेरो स्वरुप धर सके लेकिन मैं इनको स्वरुप नहीं धर सकूं। इसका तात्पर्य यह है कि श्री रामचन्द्रजी श्री पुरुषोत्तम के श्री मुख से प्रगट हास्य का अवतार हैं और श्री महाप्रभुजी तो पूर्ण पुरुषोत्तम के मुखारविन्द के अधिष्ठाता अलौकिक आनंदमय अग्निरुप हैं।

बैठक 26, श्री नैमिषारण्य की बैठक, वेद व्यास आश्रम के सामने, नैमिषारण्य (उ.प्र.)

(लखनऊ से बालामऊ जक्शन होते हुए नैमिषारण्य जाना होता है। बालामऊ से नैमिषारण्य 13 मील की दूरी पर है।)

नैमिषारण्य क्षेत्र में गोविन्दकुंड के ऊपर छोकर वृक्ष के नीचे आपकी बैठक है। यहां आपने सात दिन तक श्रीभागवत् का परायण किया। एक दिन आप अदृश्य अठ्यासी हजार शौनकादिक ऋषि यज्ञ कर रहे थे वहां पधारे। वहां सब ब्राह्मणों ने आपको आसन पर बैठाकर बहुत पूजा की। वहां श्री महाप्रभुजी ने ऋषियों को भागवत् के एक श्लोक 'नैष्कर्म्यमप्यच्युत भाववर्जितम्" की व्याख्या तीन पहर तक सुनायी।

बैठक 27, श्री काशीजी की पहली बैठक, पुरुषोत्तमदासजी का घर, जतन बड़, चैतन्य रोड़, दूध हट्टी के पास, वाराणसी

श्री काशी में सेठ पुरुषोत्तमदास के घर श्री महाप्रभुजी की बैठक है। यहीं पर आपने पहला नंदमहोत्सव किया। उस समय श्री नंदरायजी, श्री यशोदाजी, ब्रज भक्त आदि साक्षात स्वरुपात्मक पधारे। वहां श्री विश्वेश्वरजी महादेवजी दर्शन को पधारे। यहीं पर आपने 'अणुभाष्य' की रचना की। पत्रावलंबन की रचना कर मायावादी पंडितो को निरुत्तर किया। निराकार ब्रह्म के मत का खण्डन कर साकार ब्रह्म का स्थापन किया।

बैठक 28, श्री काशीजी की दूसरी बैठक, पंचघाट

संन्यास ग्रहण कर आप काशी में हनुमान घाट पर आकर रहे। आप एक माह तक एक शिला पर अन्न जल सब त्याग कर विराजे रहे। तब किसी ब्राह्मण ने पूछा आपने सन्यास ग्रहण उपदेश कौन से लिया तब आपने ''सन्यास निर्णय" ग्रंथ लिखकर दिया जिसे पढ़कर वह निरुतर हो गया। यहीं गंगाजी की रेत में आपने सुप्रसिद्ध 'शिक्षा श्लोक' लिखे। आषाढ़ सुदी 3 के दिन पुष्य नक्षत्र के अभिजित काल में री गंगाजी के जल में आप विराजे उस समय चालीस हाथ का एक तेज अग्नि पुंज बना जो सब काशी के लोगों ने देखा इस प्रकार श्री महाप्रभुजी स्वधाम पधारे। गंगाजी के जल में आप विराजे उस समय चालीस हाथ का एक तेज अग्नि पुंज बना जो सब काशी के लोगों ने देखा इस प्रकार श्री महाप्रभुजी स्वधाम पधारे।

बैठक 29, हरिहर क्षेत्र की बैठक, महादेवजी के मंदिर के पास, मगरहट्टा चौक, हाजीपुर, पटना, जिला वैशाली (बिहार)

गंगाजी और गण्डकी के संगम पर भगवदीय भगवानदास के घर में यह बैठक है। श्री आचार्यजी यहां अखंड विराजमान है। जब

आचार्यजी भगवान दास के घर से अडेल आने का कहते तो भगवानदास जी मूर्छा आ जाती तब आचार्यश्री ने आपको पादुकाजी दी और नित्य दर्शन देने का बचन दिया। जिस चोतरे पर काशी में जब आसुरव्यामोहलीला दिखाई तब सब वैष्णव मिल कर भगवानदासजी के घर आए और सब वृतान्त कह सुनाया। तब भगवानदास ने बैठक का टेरा खोला तब सबको श्री आचार्य के साक्षात दर्शन हुए।

बैठक 30, जनकपुर की बैठक, माणिक बाग (अप्रकट)

यह बैठक जनकपुर में माणिकतालाब के ऊपर भगवानदासजी के बाग में है। यहां श्री राम जानकीजी ने गठ जोरे से स्नान किया और यहीं श्रीरामजी की बारात उतरी थी। यहां श्री महाप्रभुजी ने सप्ताह पारायण किया। विष्णुस्वामी संप्रदाय के केवलराम नागा एवं उसके 500 शिष्यों को आचार्य श्री ने नाम सुनाया और एक दिन पहले रामनवमी की बची हुई बासौंधी (रबड़ी) के एक डबरा से सभी नागाओं को भोजन करवा दिया। यह सब देखकर बाग का माली आश्चर्यचकित हुआ और सारी बात जाकर बाग के मालिक भगवानदासजी को बतलाई। तब भगवानदासजी ने आकर दण्डवत की और सेवक बने।

बैठक 31, गंगासागर, कपिल कुण्ड

यहां कपिल आश्रम में कपिलकुंड के ऊपर छोकर वृक्ष के नीचे श्री आचार्यजी की बैठक है। यह वन सिंह गजराज, गेंडा, हिरण आदि जंगली जानवरों से भरा पड़ा था। आपके चरणारविंद की अलौकिक गंध से यह जीव मनुष्य यौनि को प्राप्त हुए। आप यहां छैः माह तक विराजे। यहां आपने तृतीय स्कंध की सुबोधिनीजी पूर्ण की। इसी स्थल पर आपको देह - त्याग की भगवत् आज्ञा हुई यहीं पर धान के मुरमुरा कृष्णदास मेघन अलौकिक रीति से गंगापार करके लाये और श्री आचार्यजी को आरोगाये।

बैठक 32, चम्पारण्य की पहली बैठक, राजिम से 8 किमी., जिला रायपुर (म.प्र.)

यह श्री महाप्रभुजी के प्राकट्य स्थल की बैठक है। यज्ञ नारायण भट्टजी ने प्रथम सोमयज्ञ किया तब यज्ञ के कुण्ड से भगवत् आज्ञा हुई कि तुम्हारे वंश में जब 100 सोमयज्ञ पूर्ण हो जावेंगे तब साक्षात पूर्ण पुरुषोत्तम का प्रादुर्भाव होगा। उस कुण्ड में से श्री मदनमोहनजी स्वरुप भी प्रगट हुआ जो अब सात स्वरुप में श्री गोपाललालजी महाराज के माथे कामवन में विराज रहे हैं। आपने 32 सोमयज्ञ किये। बाद में उनके पुत्र गंगाधर भट्ट ने 28 सोमयज्ञ जिनके पुत्र श्री गणपति भट्ट ने 30 सोमयज्ञ जिनके पुत्र वल्लभ भट्ट ने 5 जिनके पुत्र श्री लक्ष्मण भट्टजी ने 5 सोमयज्ञ किये। 100 यज्ञ पूर्ण होने पर स. 1535 वैशाख मास कृष्ण एकादशी को चम्पारण्य में आपका प्राकट्य हुआ।

बैठक 33, चम्पारण्य की दूसरी बैठक, छटी की बैठक

इस स्थान पर श्री महाप्रभुजी के प्राकट्य के बाद छटी का पूजन हुआ था। इस अवसर पर काशी से माधवेन्द्रयति और पुष्कर से मुकुन्द दास आए थे, उन्हें छटी पूजन के समय अलौकिक ब्रजलीला के दर्शन हुए थे। साधन की सम्पत्ति से हरि किसी पर प्रसन्न नहीं होते। भक्तों के लिए दीनता ही भगवान् को प्रसन्न करने का एकमात्र साधन है।

बैठक 34, जगन्नाथपुरी की बैठक, हजारीमल दूधवाले की धर्मशाला के पास, ग्रान्ड रोड, पुरी (उड़ीसा)

यह बैठक जगन्नाथपुरी के दक्षिण दरवाजे के पास है। यहाँ आप एक वर्ष तक विराजे। यहाँ के राजा विष्णुदेव के दरबार में बहुत से पंडितों में विवाद हुआ कि मुख्य देव, मुख्य शास्त्र, मुख्य तंत्र एवं मुख्य कर्म क्या हैं? जब विवाद हल न हुआ तो राजा श्री महाप्रभुजी के पास आये। तब महाप्रभुजी ने आज्ञा दी कि एक कोरा कागज कलम श्री जगन्नाथजी के मंदिर में रख दो वहीं से जबाब आ जावेगा। तब श्री जगन्नाथजी ने यह श्लोक लिख दिया - एकं शास्त्रं देवकीपुत्र गीतमेको देवो देवकीपुत्र एव।
मंत्रोऽप्येकस्तस्य नामानि यानि कर्माप्येकं तस्य देवस्य सेवा।।

बैठक 35, पंढरपुर, चन्द्रभागा नदी के तट पर, महाराष्ट्र

(मध्य रेल्वे की कुर्दवाड़ी मिरज नेरोलाईन पर कुर्दवाड़ी से पंढरपुर 53 किमी. है।) पंढरपुर क्षेत्र में भीमारथी के तीर पर

श्रीमहाप्रभुजी की बैठक है। बैठक के पीछे शमी वृक्ष के चबूतरे पर भगवान श्री विट्ठलनाथजी और महाप्रभुजी का मिलन हुआ था। तब आपने मिश्री भोग धराकर अबीर से खिलाया था। कृष्णदेवराजा द्वारा भेंट थाली भर सोने की मुहर में से सात मुहर देवी द्रव्य की ली थी उनके नूपुर सिद्ध कर श्री विट्ठलनाथजी को अंगीकर करवाए। यहीं पर श्री महाप्रभुजी को विवाह करने की भगवत आज्ञा हुई थी। उन्हें यह प्रेरणा मिली थी कि भगवान पुत्र रुप में पधारना चाहते हैं।

बैठक 36, नासिक, परसरामपुरिया मार्ग, पूसा, पंचवटी

यहां श्री रामचन्द्र जी ने तपस्या की और श्रीसीताजी का हरण यहीं से हुआ। पंचवटी में गोदावरी नदी के घाट के समीप श्री महाप्रभुजी की बैठक है। यहाँ आपश्री ने भागवत् सप्ताह की। आपश्री के झारी और लोटा आज भी है। नासिक क्षेत्र के मायामत के पंडितों को शास्त्रार्थ करके हराया और भक्ति मार्ग का स्थापन किया। उन पंडितों पर कृपा कर उन्हें अपना सेवक बनाया।

बैठक 37, पना नृसिंह, मंगलगिरि, रेल्वे स्टेशन, विजयवाड़ा (अप्रकट)

पना नृसिंह में छोकर वृक्ष के नीचे श्री आचार्य ने भागवत् पारायण किया। यहां श्रीनृसिंह भगवान और आचार्य श्री का मिलन हुआ। आपश्री ने पना सिद्ध करके भगवान नृसिंह को भोग धरा। यहाँ आपश्री ने भागवत् सप्ताह किया। श्री आचार्यजी की भागवत कथा श्रवण करने श्री नृसिंह जी नित्य पधारते थे। (पना नृसिंहजी को बहुत प्रिय है।)

बैठक 38, श्री लक्ष्मणबालाजी, कर्नाटक धर्मशाला (छत्रम्) के बाजू में, तिरुपति (आन्ध्र)

श्री लक्ष्मण बालाजी का श्रृंगार करते समय आपके पिता श्री लक्ष्मण भट्टजी श्री मुख में लीन हो गये थे। सूतक निवृत्त पीछे छोकर आपने वृक्ष के नीचे भागवत् पारायण प्रारम्भ किया। तब श्री बालाजी पधारे और कहा-आपके श्रीमुख से कथा सुनने की बहुत अभिलाषा है तब श्रीमहाप्रभुजी ने आपको आसन दिया। भागवत् समाप्ति पर आचार्यजी ने मनोहर के लड्डु का भोग बालाजी को लगाया। तब बाँह पकड़ श्री महाप्रभुजी के संग-संग भोजन किया। तिरुपति लक्ष्मणबालाजी के मंदिर के पास पुष्कर कुंड पर यह गुप्त बैठक है ।

बैठक 39, नासिक, श्री रंगजी, त्रिचनापल्ली (दक्षिण रेल्वे के तिरुचिरापल्ली स्टेशन के पास)

यह बैठक श्रीरंगजी में कावेरी नदी के तट पर छोकर वृक्ष के नीचे है। श्री रंगजी के पूछने पर श्रीनाथजी की प्रागट्य वार्ता सविस्तार बताई। जब आचार्यश्री मंदिर में पधारे तब मुखिया आनंदराम ने विनती की कि ठाकुरजी का श्रृंगार आप धराईये। ऐसी श्री ठाकुरजी की आज्ञा मुझे हुई हैं। तब आपश्री ने श्रीरंगजी को श्रृंगार किए तब मुखिया को महा अलौकिक दर्शन हुए।

बैठक 40, विष्णुकांची, कांचीपुरम (तमिलनाडु)

(दक्षिण रेल्वे के चेंगलपेट - आरकोनम छोटी रेल्वे लाईन पर कांजीवरम् रेल्वे स्टेशन है।) विष्णु की साड़े तीन पुरी में आधी पुरी विष्णु कांची है। (बाकी-1 मथुरापुरी, 2 अयोध्यापुरी, 3 द्वारिकापुरी है) यहां सुरभि नदी पर छोकर वृक्ष के नीचे आपने विश्राम किया था। यहां के स्वामी वरदराज के मंदिर की सीढ़ियों पर जयदेव की अष्ट पदी ''गीत गोविन्द'' उत्कीर्ण है। अत: आप सीढ़ियों से चढ़कर मंदिर में नहीं गये। नीचे से ही दर्शन किया। इस प्रकार आपने दिव्य रसमयी कृति पर पैर न रखकर आदर व्यक्त किया। मंदिर के मुखिया श्री हस्तराम को आचार्यश्री ने सात मुद्रा दी और कहा इसकी सामग्री वरदराज स्वामी को धराओ। तब वरदराजजी ने कहा मुझे ढोकला की सामग्री सिद्ध कर अरोगाओ।

बैठक 41, सेतुबन्ध, रामेश्वर

सेतुबन्ध रामेश्वर में छोकर वृक्ष के नीचे भागवत् सप्ताह पारायण किया। आपने कृष्णदास मेघन से कहा था कि रामेश्वरजी भगवान श्री रामचन्द्रजी के स्परुप है। श्री रामेश्वरजी नित्य भागवत् कथा श्रवण करने पधारते थे। कथा समाप्ति के पश्चात आपने पुरोहित को बुलाकर विधिपूर्वक तीर्थक्षेत्र में स्नान किया।

बैठक 42, मलयाचल पर्वत की बैठक, उटकमंड के पास, तमिलनाडु (अप्रकट)

यहां आचार्यजी ने चंदन वृक्ष के नीचे भागवत् सप्ताह पारायण किया। यहां श्री हेमगोपालजी ठाकुरजी विराजते है उनसे श्री महाप्रभुजी का मिलन हुआ। फिर श्री हेमगोपालजी के पूछने पर श्रीनाथजी की प्रागट्यवार्ता बताई। अरगजा सिद्ध का ठाकुरजी को समर्पी और केला तथा नारियल की सामग्री आरोगाई। श्री ठाकुरजी की कृपा से इन्द्र को यहां श्री आचार्यश्री के दर्शन हुए। यहां आसपास चंदन का घना वन है।

बैठक 43, लोहगढ़की बैठक, (हरी) फास के सामने, पणजी, गोआ

लोहगढ़ा जिसे अब कोंकण गोवा कहते है। यहां छोकर वृक्ष के निचे आपश्री ने भागवत् सप्ताह परायण किया। आपने कृष्णदास मेघन को एक बड़ी गुफा में अप्सरा कुंड, गंधर्व कुण्ड एवं देवता कुंड जो गुप्त थे बताये। जहां प्रति पूर्णमासी के दिन क्रमश अप्सरा, गंधर्व एवं देवता स्नान करने आते है। आपने यहां हजारों जीवों का उद्धार किया।

बैठक 44, श्री ताम्रपर्णी नदी की बैठक, तिरुनेवली रेल्वे स्टेशन के पास (अप्रकट)

यहां आपने छोंकर के नीचे भागवत् पारायण किया। यहां का राजा बहुत बीमार था। सब उपाय कर लिये लेकिन राजा ठीक नहीं हुआ। अंत में एक पंडित ने सलाह दी कि यदि राजा अपने बराबर सोने का पुतला बनाकर दान करें तो राजा बच जायगा लेकिन दान लेनेवाला मर जाएगा। राजा ने पुतला बनवाया और ब्राह्मणों को दान लेने के लिये बुलाया लेकिन ब्राह्मणों को वह पुतला महा विक्राल का रुप दीखे। कोई ब्राह्मण उसे स्वीकार नहीं किया। यह खबर श्रीआचार्यजी को मिली। तब आपने पुतला दान लेने का संकल्प किया। आपने वह दान स्वीकार कर उस पुतले के हजारो टुकड़े करवाकर जो हजारों ब्राह्मण एकत्र हुये थे उनमें बँटवा दिए।

बैठक 45, श्री कृष्णा नदी की बैठक (अप्रकट)

यहां पीपल के वृक्ष के नीचे आपने श्री भागवत् सप्ताह परायण किया। यहां चारों और तैलंग ब्राह्मण मायावादियों का जोर था। आपने उनमे शास्त्रार्थ कर मायावाद का खंडन तथा भक्ति मार्ग की स्थापना की। मायावादियों ने कहा हमको शरण में लिजीये तब आपने उनसे कहा रूद्राक्ष उतार कर नदी में स्नान करके आओ। आपने कृपा कर सब को नाम सुनाकर तुलसी की माला पहराई सब पंडित दण्डवत कर शरण में आये।

बैठक 46, पंपा सरोवर, हासपेट विद्यानगर से 8 किमी. (अप्रकट)

पंपासरोवर पर वट वृक्ष के नीचे आपश्री ने भागवत् सप्ताह परायण किया। कई तामसी जीवों का उद्धार किया। यहीं रामावतार के समय से बैठा एक पक्षी, जो बहुत दु:ख पा रहा था, उसने अपने उद्धार की विनती की। तब आपश्री की कृपा से कृष्णदास मेघन ने चरणोदक उस पक्षी पर छिरका। उसी समय उसकी पक्षी योनि छूट गई और देवी स्वरुप हुआ। उसी समय बैकुंठ से विमान आया और वह देवी स्वरुप उसमें बैठकर बैंकुंठ गया।

बैठक 47, श्री पद्मनाथ, पौढ़ानाथ, त्रिवेन्द्रम (कन्याकुमारी से 75 किमी.) (अप्रपट)

यह बैठक शमी वृक्ष के नीचे है। आप जब यहां पधारे तब भगवान श्री पद्मनाथजी ने अपने मुखिया आनंदराम से कहा कि जाओ श्रीमहाप्रभुजी को भक्तिमार्ग की रीत से विरती करके मंदिर में पधराय आओ। श्रीमहाप्रभुजी मंदिर में पधारे। श्री पद्मनाथजी परस्पर भोजन करते हुए अलौकिक दर्शन हुए। श्री महाप्रभुजी ने यहाँ श्रीमद् भागवत् सप्ताह पारायण किया।

बैठक 48, श्री जर्नादन की बैठक, पो. बरकला (केरल)

(विरूधनगर-त्रिवेन्द्रम छोटी लाईन पर त्रिवेन्द्रम से 51 किमी. पर बरकला स्टेशन है। जहाँ से 3 किमी. पर जर्नादन गांव है। बैठकजी मूलजी जेठानी गुजराती धर्मशाला से आधा किमी. है।) यह बैठक जनार्दनजी में कुडं के पास शमी वृक्ष के नीचे है। यहां आचार्यश्री ने भागवत् सप्ताह की। तथा भगवान श्री जनार्दनजी की सेवा एवं श्रृंगार किए तथा सामग्री भोग धरी। यहां श्री जनार्दन जी को आचार्यश्री ने श्रीनाथजी की प्रागट्य वार्ता सुनाई।

बैठक 49, श्री विद्यानगर की बैठक (अप्रकट)

यह बैठक विद्यानगर में विद्याकुंड ऊपर है। यहां आचार्य श्री ने राजा कृष्ण देव के दरबार में मायामत का खंडन किया और ब्रह्मावाद का स्थापन किया। राजा ने सात मन सोने का सिंहासन बनवाकर रखा था और कहा था कि जो मायामत खंडन कर ब्रह्मवाद का स्थापन करेगा उसको इस सिंहासन पर पधराकर कनकाभिषेक करुंगा। सो राजा ने दिग्विजय होने पर आचार्य श्री को कनकाभिषेक कराया। राजा ने थान भर स्वर्ण मुहर आपको भेंट की लेकिन आपने सिर्फ सात मुहर स्वीकार करके बाकी सब ब्राह्मणों में बंटवा दी। उन सात मुहरों की श्री जगन्नाथजी के लिये कटिमेखला सिद्ध करवाई। यहां विष्णुस्वामी के शिष्य श्री विल्वमंगलजी (उम्र 750 वर्ष) ने आचार्य श्री का विष्णुस्वामी की ओर से तिलक किया और विष्णु स्वामी सम्प्रदाय के आपश्री दीक्षित गादीधर भये।

बैठक 50, श्री त्रिलोकभानजी की बैठक

